जागरूकता के आभाव में विलुप्त हो... पृष्ठ 2
ग्रीष्म कालीन धान पर रोक... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स


।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 20, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण को मिली मंजूरी

## साय कैबिनेट में नई औद्योगिक नीति को लेकर भी आया बड़ा फैसला

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई.



इस बैठक में प्रदेश के विकास, चुनावों, औद्योगिक प्रोत्साहन और जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए गए. खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए स्वीकृत शासकीय प्रत्याभूति राशि (14 हजार 700 करोड़ रूपए) की वैधता अवधि को एक वर्ष बढ़ाते हुए 31 अक्टूबर 2025 तक पुनर्वैधिकरण करने का निर्णय लिया है. त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के प्रथम प्रतिवेदन एवं अनुशंसा अनुसार आरक्षण प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया. इसके तहत स्थानीय निकायों में आरक्षण को एकमुश्त सीमा 25 प्रतिशत को शिथिल कर अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के अनुपात में 50 प्रतिशत आरक्षण की अधिकतम सीमा तक आरक्षण प्रदान किया जाएगा. ऐसे निकाय जहां पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति का आरक्षण कुल मिलाकर 50 प्रतिशत या उससे अधिक है, वहां अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण उस निकाय में शून्य होगा. यदि अनुसूचित जाति, जनजाति का आरक्षण निकाय में 50 प्रतिशत से कम है, तो उस निकाय में अधिकतम 50 प्रतिशत की सीमा तक अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण होगा, परंतु यह आरक्षण उस निकाय की अन्य पिछड़ा वर्ग के आबादी से अधिक नहीं होगा. निकाय के जिन पदों के आरक्षण राज्य स्तर से तय होते हैं जैसे जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगम महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष इत्यादि, उन पदों के लिए ऐसे निकायों की कुल जनसंख्या के आधार पर उपरोक्त सिद्धांत का पालन करते हुए आरक्षित पदों की संख्या तय की जाएगी. मंत्रिपरिषद की बैठक में शिक्षक संवर्ग के 97 शिक्षकों का स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन किये जाने का अनुमोदन किया गया. शेष शिक्षक (पंचायत) के प्रकरणों पर पंचायत विभाग से पात्रता की अनुशंसा प्राप्त होने पर संविलियन करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया. स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्यों को वर्ष 2007 से वर्ष 2019 तक प्रथम मतांकन के आधार पर प्रथम व द्वितीय समयमान वेतनमान स्वीकृत करने के लिए मात्र एक बार की छूट देने का मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया. मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-29 के प्रारूप एवं प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया. नई औद्योगिक विकास नीति 01 नवम्बर 2024 से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर 2029 तक प्रभावशील रहेगी. इस नीति में अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजनञ्च2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रावधान किए गए हैं, इस नीति से प्रदेश में औद्योगिक विकास के नये आयाम स्थापित होंगे. नई औद्योगिक नीति में भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020 में एमएसएमईडी एक्ट-2006 में सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं वृहद उद्योगों की परिभाषा में किए गए संशोधन को अपनाया गया है। और राज्य में संतुलित विकास के लिए औद्योगिक विकास प्रोत्साहन प्रदान करने का विशेष प्रावधान किया गया है. नवीन औद्योगिक नीति 2024-29 के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राज्य में नवीन उद्यमों कीस्थापना, विस्तारीकरण/ विविधीकरण, प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्यो के लिए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा.

# आज से दिपावली पर सन सिटी में दिया सजाओ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दिपावली महापर्व की पूर्व संध्या पर महावीर सन सिटी सोसायटी में इस बार लगातार चौथे वर्ष अपने अपने घर आंगन को दिया से व रंगोली से सजाओ प्रतियोगिता रखी गई है,जिसमें अभी तक 50 से अधिक नाम आ चुके हैं, जो सत्तर अस्सी तक पहुंचने की संभावना है, लोगों का उत्साह देखते ही बनता है,

इस प्रतियोगिता के तहत 29 अक्टूबर धनतेरस के शुभ दिवस संध्या में अपने घर आंगन को मिट्टी के दियों से सजाने का आयोजन होगा जिसमें सिर्फ मिट्टी के दियों का उपयोग किया जाना आवश्यक होगा, दूसरे दिन 30 अक्टूबर को रूप चौदस की संध्या को रंगोली बनाओ प्रतियोगिता होगी, जिसे दो वर्गों में रखा गया है, एक स्वयं के द्वारा बनाई गई तथा दूसरा कलाकारों द्वारा बनाई गई, दोनों प्रतियोगिता पूर्णत: नि:शुल्क होगी जिसमें प्रथम,द्वितीय, तृतीय को नगद पुरस्कार के अलावा सभी को सांत्वना पुरस्कार भी दिए जायेंगे, संस्कारधानी को इस शानदार आयोजन का इंतजार रहता है, कार्यक्रम के प्रभारियों में नीलू अग्रवाल,कृष्णा माहेश्वरी, कीर्ति अग्रवाल,दीप्ति बिंदल, पिंकी माहेश्वरी,रितिका तिवारी,पूजा बक्शी,प्रभा गोलछा,मेघाली चोपड़ा होंगे.. निर्णायक मंडल प्रभारी अतुल चोपड़ा होंगे, संपूर्ण तैयारी अध्यक्ष आनंद चोपड़ा सचिव दिलीप गोलछा के मार्गदर्शन में चल रही है, इस हेतु महावीर ग्रुप के चेयरमैन विनोद बोहरा, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी,कोषाध्यक्ष राजेश डागा एवं अशोक अग्रवाल का पूरा सहयोग मिल रहा है, उक्त जानकारी पीआरओ मनीष साहिता व योगेश कोटक द्वारा दी गई..





# जागरूकता के आभाव में विलुप्त हो रहे विषहीन सर्प : डॉ. गजेन्द्र



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वाशासी महाविद्यालय राजनादगांव के प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में तथा विभागाध्यक्ष डॉण् किरण लता दामले के नेतृत्व में विश्व सरीसृप जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉण् माजिद अली ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉण् किरण लता दामले ने सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान करते हुए ए मुख्य अतिथि का परिचय दिया तथा पर्यावरण एवं इकोसिस्टम के लिए उनके योगदान को इंगित किया। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध सरीसृप वैज्ञानिक डॉ एचण्केण्एसण् गजेंद्र थेए वे डीएस शासकीय महाविद्यालय कसडोल से प्राचार्य पद से सेवा निवृत्ति हुए हैं । वह विगत 30 वर्षों से सर्पमित्र नामक एक एनजीओ संचालित कर रहे हैं । जिसके द्वारा उन्होंने झारखंडए उडीसाए मध्यप्रदेश ए छत्तीसगढ़ एमहाराष्ट्र ए तेलंगाना तथा आंध्र प्रदेश के गांव तथा शहरों में छोटे.छोटे समूह बनाकर उन्हें सर्प पकड़ने तथा उनकी सुरक्षा और रेस्क्यू का प्रशिक्षण दिया। देश भर में 500 से अधिक ऐसे सर्प मित्र समूह न केवल सापों तथा अन्य बेजुबान जानवरों जो सड़कों पर घायल हो जाते हैंए बीमार हो जाते हैंए की सुरक्षा तथा देखभाल करते हैं। डॉण् गजेंद्र ने अपने विस्तृत व्याख्यान में दिग्विजय महाविद्यालय के विद्यार्थियों को बताया कि सांपों का उत्पत्ति पहली बार लगभग 128 मिलियन वर्ष पहले दक्षिणी गोलार्ध के गर्मए वनीय पारिस्थितिकी तंत्र में भूमि पर हुआ था। वे संभवत: प्राचीन महाद्वीप लॉरेशिया से आये थे। ये अपनी जीभ से तथा अपने मुँह की छत में स्थित जैकबसन ऑर्गन से गंध सूंघते हैं। वे अपने आस.पास के अन्य जानवरों की गर्मी का पता लगा सकते हैं। साँप अपने निचले जबड़े से ज़मीन पर होने वाले कंपन को महसूस करके सुनते हैं। सांपों की पलकें नहीं होतींए बल्कि उनके पास एक पारदर्शी परत होती है जो उनकी आंखों की रक्षा करती है और उन्हें खुली आंखें रखकर सोने में मदद करती है। उनके निचले जबड़े लचीले होते हैंए जिससे वे अपनी खोपड़ी से 75: से 100: बड़े आकार के जीवों को भी निगल सकते हैं। दुनिया भर में साँपों की 3ए700 से अधिक प्रजातियाँ हैं।अस्तित्व में मौजूद कुछ सबसे विषैले साँप समुद्र में रहते हैं। साँप का जहर शिकार को स्थिर कर देता है और मांस को तोड़कर पाचन में सहायता करता है। सरीसृप इकोसिस्टम के खाद्य जाल में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं यदि सरीसृप ना हो तो पूरा एक सिस्टम ध्वस्त हो जाएगा तथा मनुष्य का पृथ्वी पर जीवित रहना कठिन हो जाएगा। अनजाने में हम सांपों को मार देते हैं जबकि 97: सांप ऐसे होते हैं जिनके काटने से मनुष्य की मृत्यु नहीं हो सकतीए केवल तीन प्रतिशत सिर्फ ऐसे हैं जिनके काटने से मनुष्य की मृत्यु होती है किंतु सांप मनुष्य पर तभी हमला करता है जब उसे अपनी जान का खतरा होता है । अनजाने में हम सभी सांपों को खतरनाक समझकर मार देते हैं जो सीधे अपने पर्यावरण को हम नुकसान पहुंचाते हैं डॉण् गजेंद्र ने



सांप काटने पर सर्वप्रथम क्या प्राथमिक उपचार करना चाहिए तथा उसे कैसे बचाव करना चाहिएए चलचित्रों के माध्यम से छात्रों को समझाया। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर संजय ठिसके ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में प्रोण् गुरप्रीत सिंह भाटियाए प्रोण् चिरंजीव पाण्डेय, प्रोण् करुणा रावटे , श्री एसण्एलण् देवांगन, श्री राहुल देवांगनए रितेश भान्डेकर, सुमन रामटेके, प्रिया जायसवाल , मीनाक्षी देवांगन तथा एम्ण्एसण्सीण् पूर्व . अंतिम के समस्त विद्यार्थी एवं स्नातक स्तर के 500 से अधिक छात्र.छात्राएं उपस्थित थे।

## मां भानेश्वरी देवी ग्राम सिंघोला में महालक्ष्मी महोत्सव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम सिंघोला में मां लक्ष्मी युवा उत्सव समिति शक्ति चौक एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में



महालक्ष्मी महोत्सव 2024 का आयोजन किया जा रहा है। राकेश कुमार साहू उद्घोषक (सिंघोलिया) ने बताया कि महालक्ष्मी महोत्सव 2024 मे 29 अक्टूबर धनतेरस को मां लक्ष्मी मूर्ति स्थापना,30 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी माता सेवा जसगीत, 31 अक्टूबर को महालक्ष्मी पूजा, महाआरती और थाली सजावट प्रतियोगिता, 1 नवंबर माता सेवा जस गीत,2 नवंबर को गोवर्धन पूजा हवन कार्यक्रम,प्रसादी वितरण,3 नवंबर भाई दूज दिन में विसर्जन भव्य शोभायात्रा मां भानेश्वरी मानस एवं जगराता परिवार सिंघोला की प्रस्तुति, 6 नवंबर को छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग झरोखा दुर्ग की प्रस्तुति और 7 नवंबर को माता मंडई रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच कार्यक्रम होगा।

# दीपावली पर निगम ने दिया रोशनी का उपहार

## वार्ड के अंदर, अंधेरा एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में लग रही 15 सौ से अधिक लाईट



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** निगम सीमाक्षेत्र स्थित वार्डो में जहॉ नये खम्बे लगे है वहा तथा अंधेरा व दुर्घटनाजन्य क्षेत्र जहॉ पर लाईट नहीं लगी थी, जिससे नागरिकों को रात में आने जाने के साथ साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी परेशानी होती थी, जिसे ध्यान में रखकर नगर निगम उन क्षेत्रों में 15 सौ से अधिक लाईट लगा रही है। जिसमें अधिकांश लाईट अब तक लगाई जा चुकी है। इस प्रकार नगर निगम नागरिकों को उनकी सुरक्षा को दृष्टिगत रख दीपवली पर्व पर रोशनी का उपहार दे रही है। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता की पहल पर नगर निगम सीमाक्षेत्र के अंधेरा क्षेत्र जहॉ पर लाईट नहीं लगी थी, इसके अलावा दुर्घटनजन्य क्षेत्र जहॉ पर लाईट की आवश्यकता थी, वहॉ लाईट लगाने की कार्यवाही की जा रही है। उन क्षेत्रों को चिन्हांकित कर मोहारा बाईपास रोड, कन्हारपुरी बाईपास रोड, पेन्ड्री अटल आवास रोड में लगभग 75 लाईटे लगायी जा चुकी है, जहॉ लाईट नही थी और दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। इसी प्रकार शहर के मुख्य मार्ग जी.ई.रोड में लाईटे लगायी जा रही है तथा मुक्तिधाम, चिखली, मठपारा तालाब के आस पास भी लाईटे लगायी गयी। महापौर एवं आयुक्त ने बताया कि शहरी मुख्यमंत्री विद्युतिकरण योजना के तहत वार्डो में नये विद्युत पोल लगाये गये है, जहॉ लाईट लगायी गयी तथा जो लाईटे खराब हो गयी थी उसे भी बदलकर नयी लाईट लगायी गयी। इस प्रकार 1530 लाईट दीपावली के पूर्व वार्डो में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि शहर के मुख्य मार्गो के डिवाईडर के विद्युत पोलों में रोप लाईट भी लगाया जा रहा है, जिसके तहत आर.के.नगर से कमला कालेज चौक, दिग्विजय स्टेडियम से महामाया चौक एवं निगम कार्यालय के सामने, रेल्वे स्टेशन रोड में रोप लाईट लगाया गया है। उन्होंने बताया कि शहर के वार्डो के विद्युत खम्बों में वार्डवासियों के लिये आवश्यकता अनुसार लाईट लगाई जाती है, समय समय पर उसे



मरम्मत भी किया जाता है। दीपावली को ध्यान में रखकर शहर में लाईटे लगायी जा रही है, जिससे दीपावली त्यौहार में शहर में रोशनी का वातावरण निर्मित हो।

## पांच स्वीकृत महतारी सदन ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे : देवकुमारी साहू

### सोमनी , मोखला , भानपुरी, सुकुलदेहन व देवादा का हुआ चयन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** क्षेत्रीय विधायक , पूर्व मुख्यमंत्री व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयासरत है तथा अनेक विकास कार्यों के लिए बड़ी राशि स्वीकृति प्रदान करवा रहे है । इसी कड़ी में उनकी अनुशंसा से गत दिवस राजनांदगांव जिले के पांच ग्रामों में महतारी सदन निर्माण हेतु 1 करोड़ 23 लाख 50 हजार रुपए की मंजूरी प्राप्त हुई है । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की महामंत्री देवकुमारी साहू ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि महतारी सदन के लिए जिन पंचायतों का चयन हुआ है उनमें सोमनी , मोखला , भानपुरी , सुकुलदैहन एवं देवादा शामिल है । श्रीमती साहू ने उक्त स्वीकृति के लिए डा . रमन सिंह जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह महतारी सदन



ग्रामीण विकास और महिलाओं के शसक्तीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा । श्रीमती साहू ने आगे बताया कि प्रत्येक महतारी सदन के लिए 24 लाख 70 हजार रुपए आबंटित किया गया है । इस सदन से ग्राम स्तर पर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती प्राप्त होगी । सभी महतारी सदन का निर्माण ग्राम के लगभग 2500 वर्गफुट भूमि में कराया जाएगा । जिसमें कमरा , हाल , बरामदा , किचन , स्टोररूम एवं शौचालय की सुविधा होगी । पानी की समुचित व्यवस्था की जाएगी । जिससे महिलाओं एवं बच्चों के विकास व स्वास्थ्य सेवा में उन्नति होगी ।

## भूमिहीन किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहेः परस साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूर्व की कांग्रेस शासन काल में कांग्रेस सरकार द्वारा भूमिहीन किसानों को सालाना सात हजार रूपए



दिया जाता था, राजीव गांधी न्याय योजना के तहत जिसके पास खेती नहीं था उन्हे कांग्रेस शासन काल में 7000 रूपए सालाना दिया जाता था ताकि वह अपना जीवन- यापन कर सके। वहीं भाजपा पार्टी द्वारा चुनाव के पहले अपने घोषणा पत्र जारी किया था कि अगर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनती है तो भूमिहीन किसानों को सालाना 10 हजार रूपए दिया जाएगा, लेकिन जैसे ही भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आया व चुनाव जीतने के बाद भूमिहीन किसानों को आज पर्यंत तक राशि नही मिल पाई है। भाजपा सरकार को चुनाव जीते आज 9 माह हो गए है लेकिन अभी तक क्षेत्र के भूमिहीन किसानों के बैंक खाते में एक भी रुपए नहीं आया है। जिस पर कोपेडीह निवासी युवा नेता परस साहू ने शासन प्रशासन व भारतीय जनता पार्टी को अपनी घोषणा पत्र व वादा का अमल करने कि मांग की गई ताकि भूमिहीन किसानों को 10 हजार रूपए सालाना दिया जाए। श्री साहू ने कहा कि भाजपा सरकार से आज भूमिहीन किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहें है। भाजपा सरकार अपनी घोषणा पत्र के वादा को पूरा नहीं कर पाया है जिससे भूमिहीन किसान में भारी नाराजगी है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के किसान भाजपा सरकार की महत्वकांक्षी योजना की बांट जोह रहें है कि कब भूमिहीन किसानों के खाता में पैसा पहुंचेगी।

# लाटमेटा में 10वी राज्य स्तरीय जूनियर खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन 5 नवंबर से

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लाटमेटा नवाटोला विकास खण्ड छुरिया जिला राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो एसोसिएशन, जिला खो-खो संघ एवं सर्व खो-खो टेक्निकल ऑफिशियल्स, राजनांदगांव व समस्त ग्राम वासी ग्राम लाटमेटा नवाटोला के संयुक्त तत्वावधान में भव्य तीन द्विवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालक बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन 05 नवम्बर से 07 नवम्बर 2024 तक किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के 20 बालक व 20 बालिकाओं की टीम भाग लेगें। जूनियर वर्ग 18 वर्ष से कम उम्र के इस प्रतियोगिता की सभी टीमों को 04 नवम्बर दिन सोमवार को शाम 07 बजे तक अपनी उपस्थिति आयोजक ग्राम लाटमेटा में देना है । ताकि 05 नवम्बर दिन मंगलवार को सुबह 08बजे से मैच प्रारंभ किया जा सकें । दिनांक 06 नवम्बर दिन बुधवार को छत्तीसगढ़ खो खो संघ उन खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है जिन्होंने पिछले चार राष्ट्रीय स्तर के खो-खो प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ राज्य को सब जूनियर व जूनियर वर्ग में लगातार चार मैडल विजेता होने का गौरव दिलाया है। दिनांक 07 नवम्बर दिन गुरुवार को सुबह 10 बजे से स्टेट खो-खो टेक्निकल ऑफिशियल्स (खो-खो निर्णायक परीक्षा) की एक्जाम भी आयोजित किया जा रहा है जिसमे छत्तीसगढ़ के कोई भी 18 वर्ष से अधिक उम्र के महिला या पुरुष जो खो खो खेल की ज्ञान रखते हैं भाग ले सकते हैं उक्त परीक्षा का शुल्क 1000रुपये (एक हजार रुपये) हैं । सभी परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को ऑफिशियल्स टी शर्ट, विशील, कैप, दिया जावेगा । तीन द्विवसीय जूनियर बालक-बालिका खो खो प्रतियोगिता में नगद पुरुस्कारों की व्यवस्था किया गया है जिसमे बालक बालिका दोनों वर्ग में प्रथम पुरुस्कार- ग्यारह हजार रुपए नगद, विनर ट्रॉफी, गोल्ड मैडल, द्वितीय पुरुस्कार- सात हजार रुपये नगद, विनर ट्रॉफी, सिल्वर मैडल, तृतीय पुरुस्कार-पाँच हजार रुपये नगद, विनर ट्रॉफी, ब्रान्स मैडल, चतुर्थ पुरुस्कार- तीन हजार रुपये नगद विनर ट्रॉफी ब्रान्स मैडल दिया जायेगा । दोनों ही वर्ग में बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट चेंजर, और बेस्ट प्लेयर्स को भी पुरुस्कृत किया जायेगा । प्रतियोगिता में आवास, भोजन, मैदान, पुरुस्कार आदि की व्यवस्था, ग्रामीणों और आयोजक समिति के द्वारा किया गया गया है। इसी प्रतियोगिता के दौरान 20 बालक व 20 बालिकाओं का चयन कोचिंग कैम्प के लिए किया जायेगा। दिनांक 08 नवम्बर से 23 नवम्बर तक ग्राम लाटमेटा में चयनित बालक बालिकाओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा । कोचिंग कैम्प के बाद बेस्ट, चयनित 15 बालक व 15 बालिका खिलाडी, छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए, 43वी जूनियर नेशनल चैंपियनशिप अलीगढ़ उत्तर प्रदेश में दिनांक 25 से 29 नवम्बर तक भाग लेंगे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ खो-खो संघ के महासचिव तरुण शुक्ला ने दी ।

## सर्वस्पर्शी सदस्यता अभियान 27, 28 अक्टूबर से भारतीय जनता पार्टी द्वारा डोंगरगांव मंडल में चलाया गया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन पर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के आह्वान पर पूरे देश में जोर शोर से चलाया जा रहा है, जो अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। पार्टी के ज्येष्ठ व श्रेष्ठ तथा ज़मीनी कर्मठ कार्यकर्ताओं ने निरंतर पूरी ताक़त के साथ संगठन पर्व में सदस्यता अभियान चलाकर इसे सफ़ल बनाने वा उसे अंतिम रूप देने पुरजोर कोशिश प्रारंभ कर दी है। विगत दिनों प्रदेश संगठन द्वारा सदस्यता अभियान को तीव्र गति प्रदान करते हुए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी जिलों वा मंडलों में सदस्यता अभियान में प्राथमिक सदस्य बनाने वा सक्रिय सदस्य बनाए जाने हेतु सदस्यता अभियान संयोजकों की नियुक्तियां की। डोंगरगांव मंडल में वरिष्ठ भाजपा नेता गुलशन हिरवानी को सक्रिय सदस्यता अभियान संयोजक व अजय वैष्णव को सह संयोजक बनाया गया है। प्रदेश संगठन द्वारा दी गई



जिम्मेदारी को भली भांति निभाने संयोजक वा सहसंयोजक द्वारा डोंगरगांव नगर वा मंडल के सभी जिम्मेदार वा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिन्होंने इस सदस्यता अभियान में निर्धारित लक्ष्य 50 वा 100 प्राथमिक सदस्य, तथा अपने बूथों में 200 सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा कर लिया है, उन्हें सक्रिय सदस्यता दिलाया गया साथ ही सदस्यता अभियान को अंतिम रूप देने वा लक्ष्यों को पूर्ण करने सर्वस्पर्शी सदस्यता अभियान दिनांक 27 व 28 अक्टूबर को वृहद पैमाने पर शक्ति केंद्रों से लेकर मतदान केन्द्रों तक व सार्वजनिक स्थानों पर चलाया गया उसी तारतम्य में नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता वा संयोजक,विधि प्रकोष्ठ, मंडल डोंगरगांव सतीश पाण्डेय को जिन्होंने प्राथमिक सदस्य बनाने के निर्धारित अपने लक्ष्य को पूर्ण कर लिया है उन्हें सक्रिय सदस्यता पश्चात् बनाने पहुंच गया है।

## भगवान महावीर स्वामी निर्वाण दिवस पर 31 अक्टूबर को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन के निर्देशानुसार भगवान महावीर स्वामी निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 31 अक्टूबर दिन गुरूवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णत: प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा है कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

**न्यायालय तहसीलदार छुईखदान के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202409290800030**

विषय:-ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन-2023-2024
हाटबंजा प.ह.न. 00012 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- नारद राम,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारदराम पिता दशरूराम जाति अहीर निवासी हाटबंजा तहसील छुईखदान के द्वारा स्वयं का जन्म दिनांक 25-12-1962 को ग्राम हाटबंजा में होना उल्लेखित करते हुए स्वयं का जन्म दिनांक ग्राम पंचायत में पंजीयन किये हेतु निर्देश जारी करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 07-11-2024 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, तिथि समाप्त पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/10/2024 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
छुईखदान

## खुज्जी में एकदिवसीय भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता आज

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम कबीरमठ नादिया में धनतेरस के शुभ अवसर पर देवरी के दिया नवयुवक मंडल एवम् समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता 29 अक्टूबर मंगलवार को आयोजित होगा। अध्यक्ष एवम् सदस्य छत्रपाल साहू ने बताया कि सामूहिक प्रवेश शुल्क 251रु. व युगल 201रु. और एकल 151रूपए रखा गया है। वहीं इस आयोजन में अनेक आकर्षक पुरुस्कार व सदाबहार दिए जाएंगे। सामूहिक डांस पुरस्कार प्रथम 4001 रु., द्वितीय 2501रु., तृतीय 2001रु., व चतुर्थ 1501 रुपए प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त ,युगल पुरुस्कार प्रथम 2501, द्वितीय 2001, तृतीय 1501 , चतुर्थ 1001 रुपए तथा एकल पुरुस्कार प्रथम 2001, द्वितीय 1501, तृतीय 1001 , चतुर्थ 701 रू.है।

# कलेक्टर ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आज जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 कार्यक्रम के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम अंतर्गत प्रारंभिक प्रकाशन मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा। इसके संबंध में दावा आपत्ति मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 से गुरूवार 28 नवम्बर 2024 तक प्रस्तुत की जाएगी। विशेष शिविर का आयोजन शनिवार 9 नवम्बर 2024, रविवार 10 नवम्बर 2024, शनिवार 16 नवम्बर 2024 एवं रविवार 17 नवम्बर 2024 को किया जाएगा। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण मंगलवार 24 दिसम्बर 2024 तक किया जाएगा। स्वास्थ्य मापदंडों की जांच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करने तथा डेटाबेस को अपडेट करने और सप्लीमेंट्स की छपाई करने का कार्य बुधवार 1 जनवरी 2025 को किया जाएगा। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अंतर्गत अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया जाएगा।जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि वोटर सर्विस पोर्टल व मतदाता हेल्पलाइन एप की सहायता से मतदाता, मतदाता सूची में अपना नाम खोजने, मतदाता



पंजीकरण, संशोधन एवं विलोपन के लिए ऑनलाईन फॉर्म भरने, ई-इपिक डाऊनलोड करने, डिजिटल फोटो मतदाता पर्ची डाउनलोड करने, शिकायत करने, मतदान केन्द्र का विवरण खोजने का कार्य आसानी से कर सकते हैं। साथ ही वोटर आईडी कार्ड के साथ आधार लिंक करने के लिए फार्म 6बी ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु उसी मतदान केन्द्र के एक मतदाता को अपने दल की ओर से बीएलए नियुक्त कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला स्तरीय कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। कार्यालयीन समय में 1950 नम्बर पर संपर्क कर निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर ने बताया कि विधानसभावार मतदान केन्द्र 1006 है। राजनांदगांव जिला अंतर्गत 840 मतदान केन्द्र है। वहीं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत 97 मतदान केन्द्र एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत 69 मतदान केन्द्र आते है। विधानसभावार प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 की स्थिति में कुल मतदाताओं की संख्या 8 लाख 20 हजार 924 है। जिसमें 4 लाख 8 हजार 758 पुरूष मतदाता, 4 लाख 12 हजार 160 महिला मतदाता एवं 6 अन्य मतदाता है।कलेक्टर ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 में संशोधन अनुसार धारा 14-अर्हता तिथि 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई, 1 अक्टूबर एवं धारा 23 नाम जोडऩा आधार नंबर परिचय हेतु तथा धारा 20 साधारण निवासी पत्नि व पति के आधार पर के आधार पर नाम जुड़वाया जा सकता है। इसके साथ ही मतदाता का पंजीयन नियम 1960 संशोधन अंतर्गत नियम 7 धारा 20 के तहत फॉर्म-1 घोषित कार्यालय के साधारण निवासी के कथन हेतु अब पत्नि के आधार पर पति भी साधारण निवासी, फॉर्म-2 सशस्त्र सेनाओं में पदस्थ अधिकारी व कर्मचारी का कथन पत्नि के आधार पर पति भी, फॉर्म-2ए सशस्त्र पुलिस बल के सदस्य जो राज्य के बाहर पदस्थ है, फॉर्म-3 भारत सरकार की सेवा में भारत के बाहर पदस्थ सदस्य, नियम 13-दावा व आपत्ति के फॉर्म नाम जोडने फार्म-6, नाम हटाने फार्म-7, नाम सुधारने स्थानान्तरित करने फार्म-8 है। नियम 15 अंतर्गत फार्म 6 में प्राप्त आवेदनों की सूची फार्म 9, फार्म 7 में प्राप्त आवेदनों की सूची फार्म 10, फार्म 8 में प्राप्त संशोधन आवेदनों की सूची फार्म 11, फार्म 8 में प्राप्त एक ही विधानसभा में स्थानान्तरण हेतु आवेदनों की सूची फार्म 11 ए, फार्म 8 में प्राप्त एक विधानसभा से दूसरे विधानसभा में स्थानान्तरण हेतु आवेदनों की सूची फार्म 11 बी है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में कौन सा देश अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) का 99 वां सदस्य बन गया है?*

*2) भारत के पहले स्वदेशी प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की शुरुआत कहां की गई?*

*3) ज्वालामुखी विस्फोट से निकलने वाली गैसों में सर्वाधिक मात्रा किसकी पाई जाती है?*

*4) बघाट रियासत का ब्रिटिश भारत में विलय कब हुआ?*

*5) हाल ही में मिस पिंक नेपाल कौन बनी हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) स्पेन (2) तमिलनाडु (3) जलवाष्प (4) 1850
(5) अनमोल राय

## मुश्किल

मुश्किल तब हो जाती ,जब घर की सफाई में पति पत्नी दोनों हाथ बंटाते हैं। एक ओर पति को कागजों से प्रेम है और पत्नी को डब्बे-डिब्बों, पालिथिन से प्रेम, घर में जो भी सामान आए, चाहे डिब्बों मे हो या पालीथिन में,खाली होने पर दोनों को हर बार कहीं न कहीं घर के किसी कोने में ठिकाने लगाकर रख देती । पति को कागज से बड़ा प्रेम। उनकी हर फाईल चाहे वह 20 साल पुरानी हो सहेज कर रखते। वे कागज व फाइलों को रद्दी के भाव कभी भी नही बेचते। छोटे से छोटे कागज के टुकड़ों को सम्हाल कर रखते। घर मे कागजों व फाईलो का अंबार लगा रखा था ।

इन्हीं पति - पत्नी की लघु कथा सुनाता हूँ।दीपावली में कुछ ही दिन शेष था, दोनों पति पत्नी दो मजदूरों के साथ मिलकर घर की सफाई में लगे रहे।

मजदूर मजदूर नही थे।पढ़ने वाले छात्र थे जो दिवाली का जेब खर्च निकालने पढाई के साथ साथ कुछ काम करने की चाहत रख आय अर्जित कर रहे थे। सफाई के दौरान कोई भी सामान निकलता जो उनकी नजर में फेकने लायक था, उसे मालकिन और मालिक को बताना होता था। उनसे बिना पूछे सामान नहीं फेकना है,स्पष्ट हिदायत थी। मालकिन तो हरी सब्जियों के वेस्ट से अपने घर की छत पर खाद बनाती थी, उसकी दिनचर्या में यह शामिल था। सुबह से शाम तक घर से बाहर एक भी सामान बेकार नहीं निकला। यह देख दोनों छात्र दंग रह गए थे कि इतने बड़े दिवाली के त्यौहार में इस घर से कोई रद्दी सामान नहीं निकला, जो कूड़ेदान की शोभा बढ़ाता।

दोनों छात्रों की मुश्किल तब बढ़ गई जब पति ने लगभग दस डिपोजल प्लास्टिक के डिब्बे और मिठाई के कागज के डिब्बे फेंकने के लिए बाहर निकलवा दिए। इस बीच मालकिन आ धमकी। उन डिब्बों को देख छात्रों को डांटने लगी।

थोड़ी देर बाद मालकिन को समझ में आया कि ये काम तो मेरे पति का ही हो सकता है, इन लोगों का नहीं। वह डिस्पोजल प्लास्टिक के डिब्बे और मिठाई के कागज के उन डिब्बों को उठाकर वापस घर में रख देती है और अपने पति के सहेजे कागज और फाईल के कुछ बंडल लाकर बाहर फेंकने रख देती है। कुछ समय बाद पति भी यह देख समझ जाता है कि यह करतूत मेरी पत्नी का ही है।वह भी अपना फाईल बंडल उठा कर अंदर रख देता है।

तुम्हें कागज से प्रेम,
मुझे प्लास्टिक से प्रेम।
हम दोनो की जुगल बंदी,
बने स्वच्छ भारत का प्रेम।

ये सभी हरकतें दोनों छात्र सुबह से देख रहे थे, उनकी आँखों के सामने स्वच्छ भारत अभियान का विज्ञापन आ जाता है।वे मन ही मन दोनों पति पत्नी को स्वच्छ भारत अभियान के प्रतिनिधि मानते हुए अपना मेहनताना लेकर चले जाते है।



**गजेंद्र बख्शी**
**रिद्धि सिद्धि कालोनी**
**फेस,3**

# ग्रीष्म कालीन धान पर रोक स्वीकार्य नही : किसान संघ

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्रीष्मकालीन धान पर रोक को किसानों ने एक पक्षीय एवं भेदभाव पूर्ण करार देते हुए खारिज किया एवं कहा कि ये बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। रविवार को किसान संघ की बैठक कृषि उपज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में आयोजित की गई थी जिसके विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। 29 अक्टूबर मंगलवार को कलेक्टर एवं 6 नवंबर को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएगें अपनी बात- बैठक में तय किया गया कि मंगलवार को कलेक्टर से मिलकर ग्रीष्मकालीन धान पर अपना पक्ष रखेंगे। वही ग्रीष्मकालीन धान सहित, किसान न्याय योजना की बकाया चौथी किस्त, समर्थन मूल्य में 177 रू. की वृद्धि का लाभ दिलाते हुए 3217/- रू. में धान खरीदी एवं धान खरीदी अवधि में 13 दिनों की कटौती नही करते हुए 13 फरवरी तक धान खरीदी करने की मांग मुख्यमंत्री तक पहुंचाने 6 नवंबर बुधवार को रायपुर कूच करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश किसान संघ द्वारा इन्ही मुद्दों पर हस्ताक्षर अभियान पूर्व से चलाया जा रहा है। अब इसमें ग्रीष्मकालीन धान का मुद्दा भी जुड़ गया है।



मुख्यमंत्री से मांगा गया था समय - 7 अक्टूबर को जिला प्रशासन के माध्यम से 25 अक्टूबर तक मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा गया था लेकिन कोई भी जवाब नही मिला। अब राजधानी पहुंचकर अपनी बात किसान पहुंचाएगें। 29 अक्टूबर मंगलवार को जिला कार्यालय के सामने ज्यादा से ज्यादा संख्या में 11 बजे उपस्थित होने की अपील की गई है। ग्रीष्मकालीन धान पर किसानों का पक्ष - जल संकट से निपटने ग्रीष्मकालीन धान पर रोक एक पक्षीय एवं भेदभाव पूर्ण है। जल संकट सिर्फ किसानों का मुद्दा नही, ये एक सार्व भौम मुद्दा है लेकिन सिर्फ किसानों को धान बोने से रोकना न्याय संगत नही है। उद्योगो में पानी खपत को लेकर सरकार की क्या नीतियाँ है ये भी स्पष्ट किया जाना चाहिए। सरकारी विकास परियोजनाएँ कितनी जल संरक्षण हितैसी है इनका भी मूल्यांकन एवं सुधार किया जाना चाहिए। लाखों की संख्या में बन रहे प्रधानमंत्री आवास में वर्षा जल संवर्धन का काम क्यों नहीं किया जाता कलेक्ट्रेट सहित विभिन्न सरकारी इमारतों एवं नग निगम क्षेत्रों में बन रहे आवासीय एवं व्यावसायिक इमारतों में वर्षा जल संवर्धन का काम पहले शुरू करना चाहिए। गांव गांव में विकास के नाम पर कांक्रीटी करण के डिजाइन कितने जल संरक्षण हितैषी है। दस सालों से विरोध के बावजूद हसदेव के जंगल काटकर मिनी माता जलाशय का अस्तित्व खतरे में डालकर किसानों से कहा जा रहा है धान मत लगाओं। राजनांदगांव शहर के कुऐ नष्ट कर दिए गए। बुढ़ा सागर रानी सागर को पाटकर सडक़ बना डाला गया। अब किसान के पेट में लात मारेंगें।

# वेतन घोटाले में लिप्त व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही की हुई मांग

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ अधिकारी व कर्मचारियों और स्कूल में पदस्थ प्राचार्य व व्याख्याता ने मिलकर मिथ्या व भ्रामक जानकारी व दस्तावेज प्रस्तुत कर संचालनालय से 113 दिनों का चिकित्सा अवकाश स्वीकृत कराया गया। इस प्रकरण की लिखित दो शिकायत नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी को अब तक दी जा चुकी है, लेकिन जांच आरंभ नहीं हो पाया है, जिसको लेकर पैरेंट्स एसोसियेशन ने भारी नाराजगी जताई है।

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने नवपदस्थ डीईओ को दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत यह जानकारी दिया है कि उत्तरा लहरे जो शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, कोकपुर, विकासखंड डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव में पदस्थ है, जो दिनांक 23 जनवरी 2023 से लेकर 15 मई 2023 तक फरार थे, क्योंकि उनके विरूद्ध दिनांक 22 जनवरी 2023 को डोंगरगांव थाने में पॉक्सो का केस दर्ज हुआ था।श्री पॉल का कहना है कि, जो व्याख्याता कई महीनों तक फरार था, बिना सूचना दिए



अनाधिकृत रूप से स्कूल से अनुपस्थित था, उसका अवकाश स्वीकृत करने का कोई प्रावधान नहीं है, बावजूद इसके उत्तरा लहरे का 113 दिनों का चिकित्सा अवकाश संचालनालय से मिथ्या जानकारी व दस्तावेज प्रस्तुत कर स्वीकृत कराया गया, क्योंकि शासन द्वारा जारी अवकाश नियम में यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि, 90 दिनों से अधिक अवकाश पर रहने से मेडिकल बोर्ड द्वारा वर्क टू फिट यानि स्वास्थ्य होने का प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, जबकि उत्तरा लहरे को 113 दिनों का चिकित्सा प्रमाण पत्र एक डॉक्टर ने जारी किया और उसी को आधार बनाकर उसे 113 दिनों का अवकाश स्वीकृत कराया गया, जबकि उत्तरा लहरे 113 दिनों तक फरार थे, अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थे और विभाग को इसकी पूरी जानकारी थी। श्री पॉल ने यह भी बताया कि शासन द्वारा जारी आदेश में यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि कोई शासकीय सेवक यदि बिना सूचना दिए एक माह से अधिक दिनों तक अनुपस्थित रहता है, तो उसका अवकाश स्वीकृत नहीं किया जावे, ऐसे शासकीय सेवक के विरूद्ध तत्काल विभागीय कार्यवाही किए जाने का प्रावधान है, जबकि उत्तरा लहरे के मामले में विभाग ने कोई विभागीय कार्यवाही नहीं किया, उसे 113 दिनों का चिकित्सा अवकाश स्वीकृत कराया गया। श्री पॉल ने विभाग को दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर यह भी जानकारी दिया है कि उत्तरा लहरे को 113 दिनों का चिकित्सा अवकाश दिलाने के लिए कैसे उसकी उपस्थिति पंजी में छेड़छाड़ किया गया है, जो गंभीर प्रवृत्ति का संगठित अपराध है, जिसे जान-बुझकर सुनियोजित ढंग से किया गया है।

## माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट द्वारा अटल आवास में फुलझड़ी फटाका मिठाई आदि वितरण किया गया

**धमतरी ( नांदगांव टाइम्स )।** माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष श्रीमती कमलेश गुप्ता के नेतृत्व में आज अटल आवास



के बच्चों को लाई ,बताशा, फुलझड़ी, दीया , इत्यादि सामग्री वितरण किया गया, बच्चों के चेहरे पर बहुत खुशी दी , ट्रस्ट के सभी भाई-बहन ने इस कार्य में सम्मिलत हुए और सभी अपना योगदान दिए ।ट्रस्टी अध्यक्ष श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने इस पवित्र कार्य के लिए सबको साधुवाद दिए ।000

# रासेयो स्वयंसेवको ने बाजार परिसर में किया स्वच्छता कार्यक्रम





**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत सरकार द्वारा 27 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक, स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है ,इसी कड़ी में स्वच्छता अंतर्गत शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ. बी. एन. मेश्राम के निर्देशन तथा डॉ.ए.के.धमगाए सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के सानिध्य रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रियांकी गजभिए बालिका इकाई, डॉ.आशाराम साहू प्रभारी बालक के मार्गदर्शन में 28 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में महाविद्यालय से स्वच्छता रैली निकाली गई उसके बाद डोंगरगांव के बाजार परिसर की साफ सफाई की गई साथ ही बाजार के विक्रेताओं को स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई,तथा उनसे अपील की गई कि वे अपने आसपास की सफाई करते रहें तथा कूड़े कड़कट को कचड़ा वाहन के माध्यम से उनके निर्धारित स्थान में पहुंचाने में सफाई कर्मचारियों का सहयोग करें बाजार में सफाई के पश्चात, बस स्टैंड डोंगरगांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया, सभी स्वयं सेवकों ने नारे लगाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया स्वच्छता का संदेश दिया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, सत्यम, भागीरथी, देवनारायण एवं स्वयंसेविका रीना पटेल,पुनीता, किरण, डोमेश्वरी, तथा समस्त स्वयंसेवक-सेविकाओं की उपस्थिति रही।

# वन विभाग की छापेमार कार्यवाही. पकड़ा गया 62 बोरा तेंदुपत्ता



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** वन विभाग के द्वारा पुलिस के कार्यवाही के दूसरे दिन आरोपी देवेंद्र साखरे के 04 ठिकानों पर छापामार कार्यवाही कर 62 बोरा तेंदुपत्ता का जप्ती बनाकर मामले की जांच की जा रही हैं. वन विभाग से प्राप्त समाचार में बताया गया कि मीडिया से जानकारी मिलने के बाद 27 अक्टूबर को आरोपी देवेंद्र साखरे के घर व गोदाम में एक साथ चार ठिकानों पर छापेमार कार्यवाही की गई थी. दो स्थान पर वन विभाग को कुछ नहीं मिला परंतु कारखाने में छापेमार कार्यवाही में 13 बोरा व गोदाम में छापेमारी में 49 तेंदुपत्ता की जप्ती बनाई गई है. जप्ती कार्यवाही के बाद तेंदुपत्ता को विभाग की गाड़ी में लादकर माँ बम्लेश्वरी तेंदुपत्ता भंडारण के गोदाम में रखा गया है. उपवन मंडलाधिकारी पूर्णिमा सिंग राजपूत व परिक्षेत्र अधिकारी भूपेंद्र उईके ने चर्चा करते हुए बताया कि जप्ती तेंदुपत्ता को गोदाम लेजाकर गिनती कराई जा रही है. मानक बोरो की गिनती हो जाने के बाद आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही की जायेगी. ज्ञात हो कि 26 अक्टूबर 2024 को डोंगरगढ़ पुलिस की टीम व प्रार्थी जतिन मिरानी की उपस्थिति में छापेमार कार्यवाही कर नकली बीड़ी बनाने का भांडाफोड़ कर कई संदिग्ध सामाग्री को जप्त किया गया था और नियमानुसार आगे की कार्यवाही की गई थी परंतु पुलिस की इस कार्यवाही पर कई सवाल खड़े किये गए थे और पुलिस की कार्यवाही के बाद वन विभाग की छापेमार कार्यवाही के बाद मामले के दूसरे दिन भी जांच चलती रही. वन विभाग के द्वारा जांच पूरी होने के बाद प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आगे की कार्यवाही की जानकारी दी जायेगी.

## धर्म समाचार....

# धन के देवता कुबेर इन 5 तरीकों से होते हैं प्रसन्न, घर में होगी पैसों की बारिश

कुबेर को हिंदू धर्म में धन के देवता और यक्षों का राजा माना जाता है। उनकी कृपा से आर्थिक तंगी दूर होती है। कुबेर की पूजा करने से समृद्धि और वैभव मिलता है। क्रासुला का पौधा और धातु का कछुआ रखने से धन का प्रवाह बढ़ता है। इस खबर में बताएंगे कुबेर देव से जुड़े कुछ ऐसे उपाय जिनको करने से धन के देवता प्रसन्न होते हैं।

हिंदू धर्म में कुबेर को धन के देवता और यक्षों के राजा के रूप में पूजा जाता है। कुबेर को समृद्धि का प्रतीक माना जाता है और जिन पर कुबेर की कृपा होती है, उनके घर में आर्थिक तंगी नहीं आती ।कुबेर भगवान शिव के परम भक्त हैं और नौ निधियों का अधिपति भी माने जाते हैं। कुबेर का पूजन करने से न केवल धन की वृद्धि होती है, बल्कि उनके आशीर्वाद से समृद्धि और वैभव भी प्राप्त होता है।

**कौन हैं कुबेर-** पौराणिक कथाओं के अनुसार, कुबेर लंकापति रावण के सौतेले भाई थे। उनके पिता महर्षि विश्रवा और माता देववर्णिणी थीं। कुबेर देव को उत्तर दिशा के दिक्पाल तथा इस




दुनिया के रक्षक (लोकपाल) के रूप में सम्मानित किया जाता है। कुबेर को देवताओं के धन का खजांची बनाया गया था।

**कैसे करें कुबेर को प्रसन्न-** कुबेर को प्रसन्न करने के लिए नियमित पूजा अर्चना करना आवश्यक है। विशेषकर दीवाली से पहले धनतेरस के दिन माता लक्ष्मी के साथ कुबेर भगवान की पूजा का भी विशेष महत्व होता है। कुबेर का निवास वट-वृक्ष में माना जाता है, जिससे इस वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व है।

**कुबेर की मूर्ति कहां रखें-** वास्तु के अनुसार, उत्तर दिशा भगवान कुबेर की दिशा मानी जाती है। कुबेर की मूर्ति को हमेशा उत्तर-पूर्व दिशा में रखना चाहिए, और उसका मुख उत्तर दिशा में होना चाहिए। मूर्ति की जगह साफ और अव्यवस्था रहित होनी चाहिए। पूजा करते समय सकारात्मक मानसिकता बनाए रखें। कुबेर भगवान को पीले रंग की चीज़ें पसंद आती हैं।

**कुबेर का पौधा और कछुआ-** क्रासुला का पौधा भगवान कुबेर का पसंदीदा माना जाता है। इसे सही दिशा में लगाने से धन की वर्षा के योग बनते हैं। धातु का कछुआ रखने से परिवार की आय में वृद्धि होती है, और इसे हमेशा उत्तर दिशा में रखना चाहिए। इसके अलावा, तिजोरी का द्वार उत्तर दिशा में होना चाहिए, जिससे धन के प्रवाह में वृद्धि होती है।

**कुबेर देव का मंत्र-** कुबेर देव के 108 नामों का जाप करने से आर्थिक संकटों से मुक्ति मिलती है। इसके अतिरिक्त, वास्तु शास्त्र के अनुसार '? लक्ष्मी कुबेराय नम:' या '? श्रीं ह्रीं क्लीं वित्तेश्वराय नम:' मंत्र का जाप करने से धन और धनधान्य की प्राप्ति होती है। वट वृक्ष पर जल अर्पित करते हैं, जो कुबेर की कृपा प्राप्त करने का एक शुभ उपाय माना जाता है।

## धनतेरस पर बन रहे शुभ संयोग से इन 3 राशियों की चमक जाएगी किस्मत

इस धनतेरस 29 अक्टूबर 2024 को पड़ रहा है। इसमें विशेष महासंयोग बन रहे हैं, जिसमें त्रिग्रही योग, त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग और लक्ष्मी नारायण योग शामिल हैं। ये सभी योग धन की वर्षा करने वाले माने जाते हैं। इस अवसर पर लोग नए निवेश, खरीददारी और आर्थिक योजनाओं में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, जिससे समृद्धि और खुशहाली की संभावना बढ़ती है।




**वृषभ-** इस साल धनतेरस वृषभ राशि वालों के लिए विशेष रूप से लाभकारी रहेगा। प्रमोशन के योग बन रहे हैं, जिससे उनकी कमाई में वृद्धि होगी। पार्टनरशिप में व्यापार करने वालों को अच्छा मुनाफा मिलने की उम्मीद है, और इस दौरान पार्टनर का पूरा सहयोग भी प्राप्त होगा।

**वृश्चिक-** धनतेरस पर वृश्चिक राशि वालों के लिए कई सकारात्मक अवसर आएंगे। इस दिन उन्हें बेहतरीन डील्स मिल सकती हैं, जो उनकी सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगी। गाड़ी या घर खरीदने की योजनाएं भी सफल रहेंगी। इसके साथ ही, लव लाइफ में खुशियों की बहार आने से व्यक्तिगत जीवन में भी आनंद और संतोष बढ़ेगा।

**कर्क-** धनतेरस पर कर्क राशि वालों के लिए विशेष योग बने हुए हैं, जो बेहद शुभ साबित होंगे। इस दिन आकस्मिक धन लाभ की संभावना है, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पारिवारिक सहयोग भी प्राप्त होगा, जो व्यवसाय में उन्नति के लिए सहायक रहेगा। इसके अलावा, इस समय लग्जरी वस्तुओं की खरीदारी भी संभव है, जो आपके घर में खुशहाली और समृद्धि लाएगी। यह दिन आपके लिए विशेष रूप से लाभकारी रहेगा।

**सिंह-**सिंह राशि वालों के लिए धनतेरस इस साल बेहद शुभ साबित होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, जिससे कमाई अच्छी रहेगी। व्यापार का ग्राफ बढ़ने की उम्मीद है, जो सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। साथ ही, जीवनसाथी के साथ रिश्ते भी बेहतर होंगे, जिससे घरेलू जीवन में खुशहाली आएगी।

**मीन-** धनतेरस पर मीन राशि वालों के लिए दुर्लभ संयोग बन रहे हैं, जो उन्हें लाभ प्रदान करेंगे। इस दिन पैतृक संपत्ति से लाभ होने की संभावना है, जिससे वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। साथ ही, समाज में सम्मान भी बढ़ेगा, जिससे आपके व्यक्तित्व में और निखार आएगा। यह समय आपके लिए शुभ रहेगा।

nandgaon times oct-29-3.qxd 10/28/2024 10:39 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# बच्चों के बौद्धिक स्तर एवं ज्ञान को सही दिशा देने तथा उनके भविष्य को तराशने में शिक्षकों की महती जिम्मेदारी - कलेक्टर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में शिक्षा की गुणवत्ता, बुनियादी साक्षरता तथा अन्य गतिविधियों के संबंध में बैठक ली। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि राजनांदगांव जिले में जनमानस में सामाजिक सरोकार की भावना है। यहां विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थी चाहे वह खेल हो, शिक्षा, न्यायिक सेवा, प्रशासनिक सेवा, पुलिस अधिकारी, साहित्य एवं अन्य क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों की सीखने की क्षमता में वृद्धि हुई है। उनके बौद्धिक स्तर एवं ज्ञान को सही दिशा देने तथा उनके भविष्य को तराशने में आपकी महती जिम्मेदारी है। बच्चों की पढ़ाई के लिए एक अच्छा माहौल होना चाहिए। जब अभिभावक आप पर भरोसा करते हैं, तो ऐसे में आपकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों में जिज्ञासा होनी चाहिए और उन्हें अधिक से अधिक प्रश्न करने के लिए प्रेरित करें। एक बार जब बच्चे सीखना एवं पढना समझने लगते है, तो अन्य बच्चों पर ध्यान दे सकते हैं। उन्हें आस-पास के परिवेश एवं स्थानीय ज्ञान से परिचित कराएं तथा खेल-खेल में पढने की आदत का विकास करें। बच्चा सबसे पहले अपने घर में सीखता है। विशेष कर घर से संस्कार एवं स्कूल में अनुशासन सीखता है। बच्चों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पंक्तियों को स्मरण करते हुए कहा कि सपने वो नहीं, जो आप सोते वक्त देखते हैं, सपने वो होते है जो आपको सोने नहीं देते। विद्यार्थियों के जीवन को संवारने के इस महती कार्य से जब वे कुछ बन जाएंगे, तो वे आपको आजीवन याद करेंगे। कलेक्टर ने अंगना में शिक्षा एवं स्मार्ट माता के अंतर्गत जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई के लिए सकारात्मक ऊर्जा होनी चाहिए। वे अच्छी बातों को ग्रहण करें यह उनके दिल एवं दिमाग में रोपित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक एक पीढ़ी को परिवर्तन करने की मुहिम से जुड़े हुए हैं, इस दृष्टिकोण से आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। हमारा देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सभी क्षेत्रों में विकास की पथ की ओर अग्रसर है। हमें बच्चों की गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर ध्यान देते हुए उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता, बच्चों के सीखने का बुनियादी स्तर, पढने के स्तर में सुधार, गणित के स्तर में सुधार, समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित योजनाएं, अंगना म शिक्षा, कबाड़ से जुगाड़, मुस्कान पुस्तकालय, शाला प्रबंध समितियों का गठन एवं प्रशिक्षण, घरेलू भाषा में शिक्षा, संपर्क डिवाइन के माध्यम से पढ़ाई सहित विभिन्न मुद्दो पर समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा अंतर्गत बैग लैस डे में बच्चों ने स्वच्छता के लिए बहुत अच्छा कार्य किया है। आगे भी किशोरी बालिकाओं में एनिमिया की रोकथाम के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में माताएं खुद ही अपने बच्चों को पढ़ा रही हैं। किसान एवं मजदूर अपने व्यावहारिक ज्ञान अपने बच्चों को बताएं। साथ ही स्कूलों में आज के दिन का विचार लिखा जाना चाहिए तथा मूल्यों पर आधारित सभा का आयोजन होना चाहिए। इसके क्रियान्वयन के अच्छे प्रभाव होंगे। बच्चों को खेल-खेल में सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत माताओं को जागरूक करने तथा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार व अन्य विभागीय गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्मार्ट माताओं ने अपने अनुभव साझा किए। डोंगरगांव के ग्राम किरगी की स्मार्ट माता श्रीमती हितेश्वरी पटेल ने छत्तीसगढ़ी में बताया कि कोरोना के समय लईका मन के पढ़ई के चिंता हो गे रिहिस। स्कूल के शिक्षक मन घर म लईका मन ला पढ़ाए के विधि बतईस। जोडना, घटाना सब बताईस। खाना बनात-बनात भी मै ह अपन लईका मन ला पढ़ाए। वो मन ला टमाटर, आलू ल गिन के रखे बर केहेव। मोर लइका ह पहाड़ा याद कर लिस। श्रीमती मणेश्वर कंवर ने छत्तीसगढ़ी में बताया कि मै ह बाड़ी म लइका मन ला सब्जी के रंग और स्वाद के बारे म सिखाए। ग्राम चिचदो की श्रीमती मधु साहू ने बताया कि मोर लइका मन ह 32 तक के पहाड़ा सिख गे हे। खाना बनात-बनात वो मन ला रोज पढ़ाथो। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, उप संचालक समाज कल्याण श्री बीएल ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुश्री दीक्षा गुप्ता, डाईट प्रभारी खैरागढ़ श्री सुनील शर्मा, जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्यौहरे, सहायक नोडल श्री आदर्श वासनिक, एपीसी श्री रफिक्क अंसारी, एडीपीओ श्री पीआर झाड़े, श्री मनोज मरकाम सहित सभी बीईओ एवं बीआरसी उपस्थित थे।



## नगर के प्रतिभावान राहुल बाजपेयी बने सब - इंस्पेक्टर

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के प्रतिष्ठित बाजपेई परिवार के होनहार बेटे राहुल बाजपेई का चयन सब - इंस्पेक्टर पद पर हुआ है । आज जारी किए गए व्यापम के नतीजों में राहुल बाजपेई के चयन को खुद राहुल सहित परिजनों ने मां लक्ष्मी का आशीष बताया है । शुरू से ही अपना लक्ष्य इस पद हेतु निर्धारित करने वाले राहुल ने हमें बताया कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती । उन्होंने लक्ष्य प्राप्ति पर माता - पिता सहित बड़े पापा और चाचा के आशीर्वाद को सफलता का श्रेय दिया। व्यापम द्वारा 2018 में आयोजित सब - इंस्पेक्टर परीक्षा के परिणाम आज घोषित किए गए । उक्त परीक्षा में नगर के प्रतिष्ठित स्व. रामनाथ बाजपेई के पोते एवं संजय - रामेश्वरी बाजपेई के द्वितीय पुत्र राहुल बाजपेई ने सफलता अर्जित की है । कान्यकुब्ज सभा के वरिष्ठ सुनील बाजपेई एवं सक्रिय सदस्य संदीप बाजपेई के भतीजे राहुल का शैक्षणिक रिकॉर्ड शुरू से ही बेहतर रहा है । अत्यंत ही कोमल एवं व्यवहार कुशल राहुल ने अपने अध्ययन के समय से ही सब - इंस्पेक्टर सहित प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य निर्धारित कर रखा था । हमसे चर्चा के दौरान राहुल ने बताया कि वे पी एस सी की तैयारी में जुटे हुए थे । इसी दौरान 2018 में 600 पदों के लिए एस आई की भर्ती का विज्ञापन जारी हुआ । उन्होंने आवेदन करने के साथ अपनी तैयारी को और अधिक दुरुस्त करते हुए चयन के लिए प्रयास शुरू कर दिया । एस आई की लिखित परीक्षा के उपरांत फिजिकल टेस्ट बड़ा मायने रखता है , इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपने शारीरिक व्यायाम की दिशा में कदम बढ़ाते हुए अखाड़े में नियमित अभ्यास भी जारी रखा । स्थानीय वेसलियन अंग्रेजी स्कूल से कक्षा बारहवीं तक का अध्ययन पूरा कर उन्होंने दिग्विजय महाविद्यालय से कॉमर्स में स्नातक की उपाधि प्राप्त की । तत्पश्चात समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की । राहुल का मानना है कि यह कहकर अपनी किस्मत को नहीं कोसना चाहिए कि नौकरी पाना बहुत ही जटिल काम है । उन्होंने कहा है कि मन में ली गई प्रतिज्ञा को वास्तविकता में बदलने के लिए गांठ बंधना भी जरूरी है , कि सफलता कैसे नहीं मिलेगी । संजय बाजपेई के द्वितीय पुत्र राहुल बाजपेई ने अपनी सफलता पर सभी परिजनों सहित शुभ चिंतकों के आशीष को ही श्रेय माना है ।



**लक्ष्य को मिले पंख ,अब उड़ान भरने तैयार : डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ में ओडिसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगढ के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के द्वारा क्रशह्लह्दह्य ह्लश क्रशशह्लह्य के अंतर्गत पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ में ओडीसी शास्त्रीय नृत्य के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गयाजिसमें अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ओडिसी नृत्यक गुरु श्री रूद्र प्रसाद स्वाईन के द्वारा शानदार प्रस्तुति कर बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया । जिसमें भूमि वंदना, मंगलाचरण, पल्लवी एवं कृष्ण लीला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कार्यशाला के संयोजक शिवम चौहान ने अपना अनुभव भी साझा किया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य का प्रचार प्रसार करना और उन्हें संजोय रखना है और बच्चों में रुचि जागृत करना। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संतोष कुमार द्वारा किया गया एवं श्री संजू नाग देवे सर द्वारा आए हुए कलाकारों का आभार व्यक्त किया गया बता दे कि डोंगरगढ़ के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में समय समय पर रचनात्मक कार्यक्रम होते रहता है।




## धनतेरस पर्व रेंगाकठेरा बखत 30 अक्टूबर केरिकॉर्डिंग डांस

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आदर्श युवा मंडल द्वारा प्रथम वर्ष एक दिवसीय रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजन किया गया हैं कार्यक्रम मुखिया अतिथि हर्षित बघेल रहेंगे जिसमे प्रथम 5000 द्वितीय 4000 तृतीया 3000 इस तारीख सेम्हार, बासूला,चावेली महारूमखुर्द चारभाटा, सिरसाही,कलेवा, प्रकाशपूर,मे रखा गया कला प्रेमियों को अधिक से अधिका सख्या मे उपस्थित होने की अपील किया हैं यहाँ जानकरी समिति के अध्यक्ष बंटी महिलांगे ने दिया हैं।

# राज्य स्तरीय योगासन स्पर्धा में राजनांदगांव ओवर ऑल चैम्पियन

## राजनांदगांव की झोली में कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक

### प्रत्येक वर्ग में रहा राजनांदगांव जिले का दबदबा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ छत्तीसगढ़ और योग लंगर भिलाई के संयुक्त तत्वाधान में आचार्य प्रेम निरंजन शर्मा जी की स्मृति में दिनांक 26 से 27 अक्टूबर को भिलाई मे आयोजित दो दिवसीय चतुर्थ राज्य स्तरीय सब जूनियर, सीनियर बालक-बालिका योगासन खेल प्रतियोगिता मे संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव के प्रतिभावान खिलाड़ियों नें एक बार फिर से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अपना वर्चस्व कायम रखते हुए दर्जनों स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक पर कब्जा जमा कर एक नया कीर्तिमान बनाया।हॉकी और बास्केटबॉल के बाद अब राजनांदगांव का नाम योगासन खेल के क्षेत्र में भी शुमार होने लगा है। पिछले 2 वर्षो में यहां के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की योगासन खेल प्रतियोगिता में अपना परचम लहराकर सफलता का एक नया अध्याय लिखना शुरू कर दिया है। जब से इसकी बागडोर शहर के ख्यातिनाम योगाचार्य किशोर माहेश्वरी ने अपने हाथों में ली है, तब से संस्कारधानी नगरी योग के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करता जा रहा है, और नित नये आयाम गढ़ता जा रहा है। इसी का परिणाम है है कि, चार वर्ष के बच्चों से लेकर साठ साल के बुजुर्ग भी उनके पास योग के गुर और बारिकियां सीखने के लिए आते हैं। उक्त राज्य स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा की बात करें तो बीते वर्ष भी राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से मजबूती से कदम बढ़ाया था और इस बार तो ओवर ऑल चैंपियन बनकर इतिहास ही रच दिया। सीनियर आर्टिस्टिक ग्रुप महिला वर्ग में सौम्या, रीना, यतीक्षा, भूमिका और रागिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पर अपना कब्जा जमाया। वहीं दूसरे स्थान पर पूजा, मोनिका एवं साथियों ने दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। इसी इवेंट के पुरुष वर्ग में नीरज, प्रवीण, खेमचंद, ईशु और प्रेम ने भी प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रिदमिक पेयर इवेंट में यतिशा और भूमिका ने अपनी दमदार प्रस्तुति से एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया। इसी क्रम में सौम्या और रीना ने भी दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। इसी श्रेणी में चंचल और साथी ने तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। आर्टिस्टिक पेयर में सौम्या और रीना दूसरे स्थान पर और यतीक्षा और रागिनी तीसरे स्थान पर रही। वहीं स्थानीय गायत्री विद्यापीठ सीबीएसई और सीजी सेक्शन के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम कर राजनांदगाँव को ओवर ऑल चैम्पयन बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उक्त अवसर पर दिव्य ज्योति योग केंद्र के योगाचार्य किशोर माहेश्वरी, गायत्री विद्यापीठ सीबीएसई सेक्शन की योग शिक्षक श्रीमती भारती साहू, सीजी सेक्शन के योग शिक्षक चितरंजन साहू, वरिष्ठ खिलाड़ी एवं कोच अतुल लहरे, गुंजन सिन्हा, जयश्री साहू, पुनेश्वर पटेल आदि पूरी टीम के साथ मौजूद थे।









बागड़ी ब्रदर्स रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com